दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः-113
मुरादाबाद
(Monday)
12 August 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'पहले लगता था यह झूठ है, मगर आज...' पीएम मोदी से मुलाकात कर गदगद हुए किसान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 65 फसलों के 109 किस्म के बीज तैयार किए गए हैं। मैं वैज्ञानिकों को इन किस्मों के बीजों के उत्पादन के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ किस्में जारी कीं। इस दौरान उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। वहीं, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम लैब से सीधे जमीन तक जानकारी जुटाना चाहते थे, इसलिए



किसानों के बीच कार्यक्रम किया। वहीं, एक किसान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों को लेकर गंभीर है। 109 किस्म के बीज तैयार- शिवराज चौहान- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 65 फसलों के 109 किस्म के बीज तैयार किए गए हैं। मैं वैज्ञानिकों को इन किस्मों के बीजों के उत्पादन के लिए बधाई देता हूं। 109 किस्म के बीज किसानों के मुनाफे में वृद्धि करेंगे, जनता के पोषण के लिए उपयोगी होंगे और निर्यात में वृद्धि करेंगे। उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी की सोच थी कि किसानों के बीच में कार्यक्रम करेंगे। वह लैब से सीधे जमीन तक जानकारी चाहते थे। इसलिए उन्होंने किसानों के बीच कार्यक्रम किया।

तीन अलग-अलग स्थानों पर, पीएम मोदी ने देश को बीज की 109 किस्मों को समर्पित किया है। किसानों के मन में भी कई सवाल थे, जिनके उत्तर दिए गए। पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत की। पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को कुछ सुझाव भी दिए। किसानों की आय बढ़ाने का सरकार का संकल्प है। यह एक सतत प्रक्रिया है, जो बीज आज जारी किए गए हैं, फिर ब्रीडर से नींव बीज तक एक वर्ष लगेगा। किसान ने क्या कहा? पीएम मोदी से बात करने वाले एक किसान ने कहा, पहले पीएम मोदी जब किसान की आय दोगुनी करने की बात सुनते थे तो मुझे लगता था कि यह झूठ है।

मगर आज उनसे मिलने के बाद यह पता चल गया है कि वह किसानों को लेकर काफी गंभीर हैं। हमारी बैठक में पीएम मोदी ने फसलों की नई किस्मों को जारी किया है, जो पर्यावरण के अनुकूल हैं और किसान की आय बढ़ाने में मदद करेंगी। किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की- इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया। जारी की जाने वाली 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए गए। वहीं, बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'नई रिपोर्ट में खुली अदाणी और SEBI के सांठगांठ की पोल', AAP ने केंद्र सरकार को घेरा

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के लोगों के हजारों करोड़ रुपये डूब गए। फर्जी कंपनी से हजारों करोड़ निकाले गए। फर्जी कंपनी से हजारों करोड़ निकाले गए। अदाणी कंपनी का शेयर बढाया गया।हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट आने के बाद राजनीतिक दलों की तरफ से बयान आने शुरू हो गए हैं। विपक्ष लगातार केंद्र सरकार को घेरने में लगा है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के लोगों के हजारों करोड़ रुपये डूब गए। फर्जी कंपनी से हजारों करोड़ निकाले गए। अदाणी कंपनी का शेयर बढाया गया। नई रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की पिछली रिपोर्ट में बताया गया था कि गौतम अदाणी ने मनी लॉन्ड्रिंग करके हजारों करोड़ रुपए मॉरीशस में फर्जी कंपनियां बनाकर लगाए। इन्हीं फर्जी कंपनियों के जरिए अदाणी कंपनी का शेयर बढाया गया। वहीं जब इसकी पोल खुली तो देश के करोड़ों आम आदमी का आठ लाख 50 हजार करोड़ डूब गया। यह पैसा अदाणी का नहीं बल्कि देश के आम लोगों का था। जब मैंने सदन में इसके खिलाफ आवाज उठाई और घोटाले का खुलासा किया तो मोदी सरकार ने मुझे जेल भेज दिया। आप सांसद ने कहा कि हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट में अदाणी और सेबी के सांठगांठ की पोल खुल गई है। हिंडनबर्ग की पिछली रिपोर्ट आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को इस मामले की जांच का आदेश दिया।

## हिंसा के बाद समुद्री मार्ग के जरिए कोई बांग्लादेशी ओडिशा में नहीं आया, बोले कानून मंत्री

पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि ओडिशा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान की जाएगी और उन्हें उनके देश वापस भेजा जाएगा। बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। इस बीच बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध तरीके से भारत आने के संदेह से चिंता बनी हुई है। हालांकि, ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि पड़ोसी देश में अशांति के बाद समुद्री मार्ग से बांग्लादेशियों के आने की कोई खबर नहीं है। बांग्लादेशियों की पहचान की जाएगी- पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि ओडिशा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान की जाएगी और उन्हें उनके देश वापस भेजा जाएगा। वहीं, पुलिस ने कहा कि भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री सुरक्षा बनाए रखी जा रही करने का निर्देश- पड़ोसी उथल-पुथल के मद्देनजर से बांग्लादेश से घुसपैठ की के सवालों का जवाब देते कि मुख्यमंत्री मोहन चरण और ओडिशा समुद्री पुलिस प्रयासों को रोकने के लिए का निर्देश दिया है। उन्होंने हाल की घटनाओं के बाद है। उन्होंने कहा, कुछ से ओडिशा में रह रहे हैं। राज्य





पुलिस द्वारा तटरेखा पर है।तटीय क्षेत्र में गश्त देश में राजनीतिक समुद्री मार्ग के माध्यम संभावना पर पत्रकारों हुए, हरिचंदन ने कहा माझी ने तटरक्षक बल दोनों को इस तरह के तटीय क्षेत्र में गश्त करने कहा कि बांग्लादेश में ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं बांग्लादेशी लंबे समय सरकार उनके दस्तावेजों जैसे वीजा और वर्क परमिट या राज्य में रहने के किसी अन्य वैध कारण को सत्यापित करेगी। सत्यापन के बाद अवैध घुसपैठियों को उनके देश वापस भेज दिया जाएगा।% ओडिशा पुलिस ने कहा कि राज्य की 480 किलोमीटर लंबी तटरेखा त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में है। पहले पांच समुद्री मील की सुरक्षा ओडिशा की समुद्री पुलिस द्वारा की जा रही है, जबकि तट से 80 किलोमीटर दूर देश की समुद्री सीमा के बीच के जल क्षेत्र का प्रबंधन तटरक्षक बल द्वारा किया जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में निगरानी और गश्त कर रही है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, ओडिशा के सात जिलों में कुल 3,740 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की गई है। इनमें से केंद्रपाड़ा में 1,649, जगतसिंहपुर में 1,112 और मलकानगिरी में 655 मामले हैं। बांग्लादेश में क्यों भड़की हिंसा?- बांग्लादेश में 1971 में देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रतता सेनानियों के लिए तय किए आरक्षण के खिलाफ जुलाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। धीरे-धीरे ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए और छात्रों द्वारा प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग की जाने लगी। ये विरोध प्रदर्शन इतने हिंसक हो गए कि पांच अगस्त को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं। वहीं बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में गुरुवार को अंतरिम सरकार का गठन किया गया है। इस अंतरिम सरकार की देखरेख में ही अगले कुछ महीनों में चुनाव कराए जाने की बात कही गई है।

## मायावती का ऐलान: उपचुनाव की सभी दस सीटों पर बसपा उतारेगी प्रत्याशी, कहा-आरक्षण नेहरू-गांधी की देन नहीं

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी की दस सीटों पर होने वाले उपचुनावों में बसपा सभी पर अपने प्रत्याशी खड़े करेगी। उन्होंने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि प्रदेश की 10 सीटों पर होने




वाले विधानसभा के उपचुनाव बसपा पूरी दमदारी से लड़ेगी। रविवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक में उन्होंने कहा कि उपचुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इसको लेकर सरगर्मी बढ़ रही है। खासकर भाजपा व इनकी सरकार द्वारा इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेने से भी उपचुनाव में लोगों की रूचि बढ़ी है। बसपा उपचुनाव में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार कर दमदारी से लड़ेगी।बसपा सुप्रीमो ने बैठक में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट भी ली। साथ ही आगामी उपचुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के लिए जमीनी तैयारियों को परखा। तत्पश्चात अपने संबोधन में कहा कि यूपी समेत पूरे देश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि को रोक पाने में सरकार की विफलता के कारण लोगों में आक्रोश है। इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए विध्वंसक बुलडोजर राजनीति सहित जाति व धार्मिक उन्माद एवं विवाद पैदा करने का षडयंत्र जारी है।धर्म परिवर्तन पर नया कानून, एससी-एसटी आरक्षण का उप-वर्गीकरण करने का षडयंत्र लोगों को बांटने का प्रयास है। सरकार जातीय जनगणना से इंकार कर रही है। मस्जिद-मदरसा संचालन व वक्फ संरक्षण आदि में जबरदस्ती सरकारी दखलअंदाजी हो रही है। यूपी सरकार ने नजूल की जमीन के संबंध में जल्दबाजी में फैसला लिया, जिससे लेकर पूरे राज्य में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। सरकारी जमीन लीज पर देने के मामले में भी द्वेष व पक्षपात का रवैया अपनाया जा रहा है, जिसका खुद भाजपा के भीतर विरोध हो रहा है। सरकार की नीयत व नीति पर जनता को विश्वास नहीं रहा है। वहीं कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार की सख्ती कागजों पर ज्यादा है। इसका प्रभाव भाजपा के लोगों पर ही सबसे कम देखने को मिलता है। प्रदेश में बाढ़ से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है, उनकी मदद देने के बारे में भी सरकार की बयानबाजी ज्यादा है। आरक्षण गांधी और नेहरू की देन नहीं- उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान की जानकारी मिली, जिसमें एससी-एसटी आरक्षण का श्रेय महात्मा गांधी और पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू को देने की बात कही गयी है। इसमें तनिक भी सच्चाई नहीं है। आरक्षण का पूरा श्रेय डॉ. भीमराव अंबेडकर को ही जाता है। कांग्रेस के लोगों ने उन्हें संविधान सभा में जाने से रोकने की साजिश की, चुनाव में भी हराने का काम किया। कानून मंत्री पद से भी इस्तीफा देने को विवश किया।

## गुना में एविएशन एकेडमी का टू सीटर प्लेन क्रैश, दोनों पायलट घायल, इंजन फेल होने से हादसे की आशंका

मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक टू सीटर प्लेन क्रैश हो गया। हादसे में दो पायलट घायल हुए हैं। इंजन के फेल होने के कारण हादसा की आशंका जताई जा रही है।मध्य प्रदेश के गुना जिले में एयर स्ट्रिप पर टू सीटर दुर्घटनाग्रस्त प्लेन इंटीट्यूट का हादसे में दो हैं। हादसे की पुलिस समेत अन्य मौजूद हैं। इंजन के हादसा की आशंका जानकारी के के बेलगावी





प्लेन क्रैश हो गया। एविएशन ट्रेनिंग बताया जा रहा है, पायलट घायल हुए सूचना पर कैंट अधिकारी मौके पर फेल होने के कारण जताई जा रही है। अनुसार कर्नाटक एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट के एयरक्राफ्ट 152 ने रविवार दोपहर करीब एक बजे टेस्टिंग के लिए उड़ान भरी थी। कैप्टन वी चंद्र ठाकुर और पायलट नागेश कुमार करीब 40 मिनट तक एयरक्राफ्ट को उड़ाते रहे, लेकिन फिर वह एयर स्ट्रिप पर क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलट घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ग्रेट निकोबार द्वीप प्रोजेक्ट की समीक्षा की मांग, जयराम रमेश बोले- पर्यावरण को होगा भारी नुकसान

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार द्वीप में आधारभूत ढांचे की परियोजना को पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसकी समीक्षा की मांग की है। जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से परियोजना को दी गई सभी मंजूरियों को निलंबित करने का आग्रह किया और संसदीय समितियों से इसकी गहन और निष्पक्ष समीक्षा कराने की मांग की है। जयराम रमेश ने इस संबंध में पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र भी लिखा है। कांग्रेस नेता ने पत्र में लिखा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अपना धर्म निभाते हुए ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को मंजूरी नहीं देनी चाहिए। खासकर तब जब यह परियोजना मानवीय, सामाजिक और पारिस्थितिकी रूप से विनाशकारी हो। जयराम रमेश ने लिखा कि %आपको राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान हमारी हाल की बातचीत याद होगी। ग्रेट निकोबार द्वीप में केंद्र सरकार की प्रस्तावित 72,000 करोड़ रुपये की मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी समुदायों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने दावा किया कि इस परियोजना के %विनाशकारी पारिस्थितिक और मानवीय परिणाम हो सकते हैं और उचित प्रक्रिया का उल्लंघन करके और आदिवासी समुदायों की रक्षा करने वाले कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार करके इस परियोजना को आगे बढ़ाया गया है।हालांकि, हाल ही में, एनजीटी द्वारा गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति (HPC) ने निष्कर्ष निकाला है कि बंदरगाह CRZ-१ में नहीं आता है, बल्कि CRZ-vB में आता है, जहाँ बंदरगाह निर्माण की अनुमति है। जयराम रमेश ने दावा किया कि इस परियोजना के कारण शोम्पेन नामक स्वदेशी समुदाय का नरसंहार हो सकता है

## संपादकीय Editorial

### Day of Medal Warriors

Indian Hockey Zindabad! Hockey Warriors Zindabad!! Salute again and again to the greatest goalkeeper PR Sreejesh!!! Our hockey team has once again won the Olympic bronze medal by defeating Spain 2-1. This is an international and national honour, a matter of pride, because after 1972, such moments have come that India has won two consecutive Olympic medals in hockey. Hockey India had also won the bronze medal in Tokyo Olympics. This bronze is 'gold' for India, because our warriors have defeated a legendary team like Australia. This has also become possible now after 1972. India had to play with only 10 players against the world's number two team Britain. We did not lose even then. The game went to penalty shootout, where Sreejesh did not let any goals be scored by becoming a 'wall' and India defeated Britain. We saw the British players crying on the field. Then in the bronze medal match, they defeated Spain, which had defeated the world number one and Tokyo Olympics champion Belgium. Sreejesh saved 9 penalty corners in the match against Spain. The number of goals Sreejesh saved during the entire tournament and his contribution in bringing the team to the threshold of the bronze medal is indescribable. Now Sreejesh's 'zero' will continue to be felt in Indian hockey. It will take time to prepare his replacement. This Olympic victory and bronze medal have been dedicated to Sreejesh. Fellow players have given him an emotional farewell by carrying him on their shoulders. Sreejesh himself has announced that his decision to retire is firm and final. However, now after winning the Olympic medal, the question arises whether the good, old and strong days of Indian hockey are returning? Are we in the phase of reviving our golden and invincible legacy? Prime Minister Modi, while congratulating the captain 'Sarpanch Sahab' (Harmanpreet), has expressed hope that hockey will come alive once again. Efforts should be made for that. Future generations will remember this victory.'' Certainly, Indian hockey is changing. Now we are the 3rd or 4th ranked team in the world. This is India's eternal and national sport. When an average child starts playing, he has a stick in his hand, which transforms into hockey with time. That is why India has an inner attachment to hockey. It is a sport of children from poor and average families. For a long time, there was neither enough money for hockey, nor sponsorship from big companies, nor respectable government jobs. Cricket is a very rich sport compared to hockey. Anyway, times have changed now, but there was a time when the hockey team used to return empty-handed from various matches. European hockey was becoming stronger, the Indian style was becoming irrelevant, but now good days are returning as Hockey India is defeating all the big teams. Now no one is 'invincible'. Since today is the day of the Indian warriors who have won Olympic medals for India, we cannot forget Neeraj Chopra today. He was the 'Golden Champion' of Tokyo Olympics. He could not repeat that success in Paris, but he has definitely won a silver medal for the country by throwing the javelin to a distance of 89.45 meters. This is his second best performance. For us, this silver is like gold, because Neeraj is the world champion in this sport, Diamond League champion, Asian champion. The nature of sports is very flexible, but he is the first Indian athlete to win two consecutive Olympic medals, while he has also joined the list of PV Sindhu, Sushil Kumar and Manu Bhaker. The gold medal in this sport was won by Arshad Nadeem of Pakistan. He threw the javelin to a distance of 92.97 meters. Touching the threshold of 90 meters has remained a challenge for Neeraj till now. This time falling behind can teach Neeraj a new lesson.

## Delhi of the kindhearted: After pollution, now it is difficult to live due to clogged drainage; The term world class city is meaningless

Delhiites were already yearning to breathe in the open air due to pollution. Now the dilapidated roads and the dilapidated drainage system have made life difficult. The capital Delhi is no longer livable. Delhiites have been yearning to breathe in clean air for years due to pollution. Now their life has become difficult due to the problem of waterlogging due to the dilapidated condition of the roads and the decades-old sewage system. They are cursing the moment when they decided to settle here. In terms of public facilities, even at the administrative level, the people of Delhi are getting crushed in the ongoing battle for existence between the BJP government at the Center and the Aam Aadmi Party government in Delhi. According to the Road Safety Committee of the Supreme Court, in the audit conducted for the purpose of road safety in collaboration with IIT Delhi between July and November 2023, serious questions have been raised about the condition, structure, design and sewage system of the footpath. It has expressed serious concern that concrete steps have not been taken for safe and smooth traffic in more than 46 percent zones of Delhi. This state of disrepair is at a time when claims are constantly made to make Delhi a world-class city, but the current conditions testify to the contrary. Not only the roads of Delhi, but even the roads, junctions and footpaths are not




safe at all. With regard to the questions raised on road safety, 69 percent of road indicators do not meet the standards of the Indian Road Congress at all. If we take the footpath, it is also not up to the standards. According to the Indian Road Congress, the width of the footpath should be 2.5 meters, according to which two wheel chairs can pass on it simultaneously. The width of 16 percent of the footpaths is according to the standards of the Indian Road Congress, while 84 percent of the footpaths are such whose width is not at all according to the prescribed standards. Forget about Old Delhi, the ring road is also a victim of this disrepair. On the ring road where most vehicles pass, the roads around Majnu ka Tila and Chandgi Ram's Akhara are in a dilapidated state, they are broken. There is no marking of zebra crossing there. The same is the condition of Wazirabad Road in East Delhi. The busiest junction here is the Loni-Gokulpuri Road junction, i.e. the roundabout, from where the road goes to Ghaziabad. There is a possibility of accidents due to the broken roads and the absence of zebra crossings. The most dangerous conditions are of Azadpur Chowk, Bhalswa Chowk, Mukarba Chowk, Burari Chowk, Punjabi Bagh Chowk, Ghazipur flyover, Murga Mandi, Mukundpur Chowk, Madhuban Chowk and Rajokri flyover, where road accidents are common. Now take a look at the drainage of Delhi. The decades old drainage system has become so dilapidated that it has now lost the capacity to bear the load of sewage of more than 2.25 crore population of the capital. Yet Delhi is dependent on the same 48-year-old drainage system, which was in place when the population of Delhi was around 60 lakh. Due to this, waterlogging occurs even with a little rain. If the rain becomes heavy, then a situation of flooding arises. This condition is not only of Old Delhi, but Lutyen Zone New Delhi is also its victim and the situation there also becomes like an island. The reason for all this is the lack of proper drainage system and the lack of timely cleaning of drains. As a result, due to waterlogging on the roads due to heavy rains, potholes are formed due to the sinking of the road. Sometimes scooters get stuck in the sewer manholes, and sometimes pedestrians. Sometimes, movement in Lutyen Zone stops for hours and people remain imprisoned in their homes. It is a different matter that PWD never tires of claiming that hundreds of pumps are installed to drain out water due to waterlogging, but due to adverse rain conditions, old drains not being cleaned and dirt filled in them, it takes a long time for the pumps to drain out the water, making it very difficult to get rid of waterlogging quickly and vehicles remain stuck in traffic jams for hours. At some places, even roads and underpasses have to be closed in view of the possibility of accidents. Mostly due to such a situation, people have to face problems at places like Azad Nagar Market Bridge, Moolchand Underpass, Zakhira Underpass, Minto Bridge, ITO, Ganesh Nagar, Mother Dairy, Pragati Maidan etc., due to which sometimes it becomes very difficult for them to reach their workplace on time. This condition of misery has more or less become the destiny of Delhiites. In such a situation, it is meaningless to call Delhi a world class city.

## International Politics: It is important to control China... only then will an independent and free Indo-Pacific region be ensured

The fall of Sheikh Hasina in Dhaka has given China an open field. In such a situation, India will have to ensure that its policy of 'neighbour first' is in sync with the new geopolitical changes. At the same time, India and America will also have to move forward with a joint strategy to control China. In view of the fall of Sheikh Hasina regime in Dhaka and its international influence, there is a dire need for India and America to formulate a joint strategy to counter China, which has already trapped most of our neighbors through its expansionist policy and Bangladesh is a new name to be added to that list. Foreign policy experts believe that due to the principle of mutual interest and obligation, India and America will have to change their current policy towards Bangladesh, which is following the path of China and Pakistan and is posing a threat to security in South Asia. Former Prime Minister Sheikh Hasina is alleging that America has played a hand in destabilizing her government. But India cannot remain aloof from the new government of Bangladesh, which may be led by the same Khaleda Zia, who considers herself to be from the anti-India camp. Khaleda Zia and the fundamentalists may dominate the new government of Dhaka, which may create a headache for India. The US should not be happy with the ouster of the Hasina regime, as this will strengthen China, which wants to replace the US as a superpower. Therefore, the US needs to counter China with the help of India, as India is emerging as an economic power on the world stage. At the same time, India will have to keep an eye on the growing influence of China, which has already brought Maldives, Nepal, Myanmar, Pakistan and Sri Lanka to its camp. Bangladesh can also become its follower. Experts believe that to counter China, India needs a geopolitical change in its 'neighbour first' policy. China has created tension on the Line of Actual Control (LoC) and encouraged anti-India forces to weaken India. India follows an independent foreign policy keeping its national interests paramount. But given its closeness to the US in many areas, it can be relied upon to do so based on the principle of mutual trust and benefit. Critics believe that India needs to make drastic changes in its foreign policy, otherwise China may dominate, which helps anti-India forces in every country through BRI, as is seen in Bangladesh. In the context of Bangladesh, India believed in working with Hasina's ruling Awami League and ignored the potential opposition, Khaleda's BNP. Now anti-Hasina forces have come to power in Dhaka, which consider India as an enemy. If India had maintained good relations with BNP, Pakistan's ISI and China could have been curbed. Negotiations were going on for a Free Trade Agreement (FTA) between India and Bangladesh, as it is important for the trade of both the countries. Bilateral trade between the two countries has reached $13 billion during the year 2023-24. But now the future of FTA remains uncertain under the rule of the interim government of Bangladesh. However, the new government of Dhaka cannot take the risk of leaving the FTA discussion midway, as it will harm the interests of the people of both countries. In such a situation, it can be expected that this agreement will definitely happen. Due to the political crisis, export trade of about $ 300 million has been affected, especially when India exports goods worth three million dollars to Bangladesh every day. India's imports are continuing, but exports are stopped, which will have to be resolved by the interim government, so that the loss increasing every day can be stopped. Bangladesh used to export about 15 trucks of fish every day, which has now come down to one truck. The Customs Department of Bangladesh has not given permission to hundreds of Indian trucks to enter Bangladesh, which are standing in the parking lot. Experts say that the new Chief Advisor of the interim government Mohammad Yunus and the interim government should pay attention to these issues on priority basis. Maldives has tilted towards China under the rule of Maldives' new President Moizzu, who came to power through an anti-India campaign. Moizzo openly praised China, which helped him in his election. The situation is almost the same in Nepal, as India supported the Nepali Congress and ignored the communist governments, making them anti-India. During my six-year stay in Nepal in the 1990s, I have seen the Chinese embassy secretly appease the elected representatives through material inducements, which proved fruitful for them when they came to power. Pro-China and anti-India KPS Oli is the head of a coalition government with the Nepali Congress. It is hoped that the Nepali Congress can force Oli to give up his anti-India stance. India adopted a similar policy in Sri Lanka too. But when Sri Lanka collapsed economically, India helped Sri Lanka. As a result, India has become a favorite of the common people there, who appreciate the financial support given by New Delhi in difficult times, while China kept itself away from it. However, in Myanmar, India has tried to maintain a balance with the military regime. Therefore, India and the US must jointly formulate an action plan, which includes strengthening strategic partnership, increasing Quad cooperation, promoting trade and infrastructure options, expanding joint military exercises, cooperating on technology, cooperating diplomatically, assisting in development work, preventing the spread of misinformation and supporting sovereignty in Asia, aimed at reducing China's influence in SAARC countries and ensuring an independent, free Indo-Pacific region.

# कूबी में धरने पर बैठे किसान की हार्ट अटैक से मौत, आर्थिक मदद की मांग पर अड़े ग्रामीण

मामले की जानकारी के बाद ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। बाद में ग्रामीण सुरेंद्र शर्मा के शव को लेकर धरना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पर तहसीलदार व एसडीएम भी पहुंचे हैं।कूबी आंदोलन





को लंबा समय हो चुका है। मध्य गंगा नहर के लिए अधिग्रहित हुई जमीन के चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को धरने पर बैठे किसान सुरेंद्र शर्मा ( 45 ) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। धरने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी थी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। बाद में ग्रामीण सुरेंद्र शर्मा के शव को लेकर धरना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पर तहसीलदार व एसडीएम भी पहुंचे। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। शाम चार बजे तक किसान शव के साथ ही धरना स्थल पर डटे हुए हैं। वह एडीएम को मौके पर बुलाने और आर्थिक मदद की मांग पर अड़े हैं। बता दें कि साल 2011 में रामपुर घना, मोहनपुर एवं घंसूरपुर तथा साल 2012 में गांव कूबी में मध्य गंगा नहर के लिए किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई थी। जिसके बाद किसानों को सर्किल रेट के तहत चार गुना मुआवजा दिया जाना था। सरकार किसानों को 2011 के रेट के अनुसार मुआवजा दे रही है, जबकि किसान सर्किल रेट के चार गुने मुआवजे की मांग पर डटे हुए हैं। इसी मांग को लेकर किसान फरवरी माह से लगातार धरना दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक उनको उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक वह जमीन की खोदाई नहीं होने देंगे। वहीं मध्य गंगा नहर में पानी छोड़े जाने के बाद किसानों की बेचैनी बढ़ गई है। इस आंदोलन में पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी लगातार शामिल हो रही हैं। किसानों का कहना है कि प्रशासन 2011 के तहत मात्र 50 हजार रुपये ही मुआवजा देना चाहता है। जोकि, उनके साथ सरासर धोखा है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों की मांगे मुख्यमंत्री तक पहुंचाईं, लेकिन ग्रामीणों को कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल सका है। बता दें कि रविवार को धरने का 529 वां दिन था। महिलाओं ने धरना स्थल पर ही मनाए थे त्योहार - कूबी आंदोनल को लेकर गत वर्ष महिलाएं भी मुखर हो गई थीं। उनकी ओर से भी लगातार अनशन जारी रखा गया। यही नहीं धरना स्थल पर नवरात्र, दशहरा, करवा चौथ, दिवाली, भैयादूज आदि त्योहार धरना स्थल पर ही मनाए थे।

# निर्मल पांडेय फ़िल्म फेस्टिवल में सम्मानित किए गए डॉ मुहम्मद नईम बॉबी

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) पाँचवें निर्मल पांडेय फ़िल्म फेस्टिवल भोपाल में, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अभिनेत्री एवं लेखिका आदरणीया श्रीमती सुष्मिता मुखर्जी जी एवं जाने माने फ़िल्म एवं टी वी अभिनेता,




सीआईडी फेम आदित्य श्रीवास्तव जी द्वारा नगर के शिक्षा विद् एवं संस्कृतिकर्मी डॉ मुहम्मद नईम बॉबी को उनके थिएटर, कला, संस्कृति हेतु किए गए योगदान हेतु सम्मानित किया गया इस अवसर पर मशहूर फ़िल्म अभि नेता अखिलेन्द्र मिश्रा, फ़िल्म एवं टीवी कला कार अरुण वर्मा, बॉबी वत्स मशहूर फ़िल्म सेट डिज़ाइनर जयंत देशमुख निर्मल पांडे फ़िल्म फेस्टि वल के संस्थापक एवं टीवी धारावाहिक चिड़िया घर के निर्माता निर्देशक अनिल दुबे, रंग समीक्षक आशीष चटर्जी वरिष्ठ फ़िल्म समीक्षक गिरिजाशंकर चंबल सिने प्रोडक्शन के संस्थापक रवींद्र सिंह चौहान सहित नवोदित कलाकार, फ़िल्म निर्माता उपस्थित रहे नगर के साहित्य कारों रंगकर्मियों, समाज सेवियों ने डॉ मुहम्मद नईम की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी शुभ कामनाएँ दी

# राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण एवं महत्ता के संबंध में सम्मेलन का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ 7 पुलिस लाईन झाबुआ स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण एवं महत्ता के संबंध में सम्मेलन का आयोजन किया प्राय: देखा गया है कि आम जनता एवं अन्य शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण एवं महत्ता के संबंध में जानकारी नहीं होने से, बच्चों द्वारा सवाल किए जाने पर हम नि:शब्द रह जाते है। पुलिस लाईन झाबुआ स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण एवं महत्ता के संबंध में सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झाबुआ जिले की शान 卐पद्म श्री卐 रमेश परमार एवं शांति परमार को आमंत्रित किया गया। साथ ही सरला शुक्ला पति शहीद - स्व. श्री बाबुशंकर शुक्ला को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। जिले के साहित्यकार एवं इतिहास विद से.नि. प्राध्यापक के.के. त्रिवेदी




को आमंत्रित किया गया। राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण का इतिहास एवं महत्ता के संबंध में जानकारी देने हेतु मुख्य वक्ता के रूप में सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक रवि अतरोलिया को आमंत्रित किया गया। पुलिस अधीक्षक झाबुआ पद्मविलोचन शुक्ल के दिशा निर्देश पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल, अति. पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे एवं अन्य अधिकारियों द्वारा आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन किया गया। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण एवं महत्ता के बारे में बताया गया व तत्कालीन चौकी प्रभारी कुन्दनपुर शहीद - स्व. श्री बाबुशंकर शुक्ला के बारे में वृतांत बताया गया व उनकी पत्नी सरला शुक्ला को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक ( सेवा निवृत्त ) रवि अतरोलिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) के निर्माण एवं महत्ता के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय ध्वज के गौरव व सम्मान के बारे में बताया गया। ध्वज के तीनों रंगों ( केसरिया, सफेद व हरा ) व अशोक चक्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, राष्ट्रीय ध्वज का निर्धारित माप, तिरंगा फहराने के नियम, राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन, राष्ट्रीय ध्वज का विकास, राष्ट्रीय ध्वज के अमानक होने पर उसकी पहचान कैसे करे, राष्ट्रीय ध्वज के मानक स्वरूप व इसको कैसे रखा जाना चाहिये इसके सम्मान बारे में जानकारी दी गई। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय क्या-क्या दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिये, इसके बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे की आन-बान-शान को बरकरार रखने के लिए देश के कई जवान अपने प्राणों की आहुति दे चुके है। कार्यक्रम के अंत में साहित्यकार एवं इतिहास विद से.नि. प्राध्यापक के.के. त्रिवेदी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से हुआ। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रबुद्धजन एवं पुलिस अधीकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

# एनसीसी की ड्रेस में घर से निकली किशोरी फरार, पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में एनसीसी की ड्रेस पहनकर घर से निकली किशोरी फरार हो गई। किशोरी परिजनों को दो दिन बाद फोन पर एनसीसी के प्रशिक्षण में शामिल होने की बात बताई थी। जिसके बाद किशोरी ने फोन बंद कर लिया। किशोरी के परिजनों ने संदेह पर एक युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।थाना क्षेत्र निवासी किशोरी के पिता ने दी तहरीर में बताया कि 31 जुलाई को उनकी बेटी एनसीसी की ड्रेस पहनकर घर से निकली थी। दो दिन बाद किशोरी ने फोन पर एनसीसी के प्रशिक्षण में शामिल होने की बात कही थी। इसके बाद फोन बंद हो गया। काफी खोजने के बाद पिता को जानकारी मिली कि वह कांशीराम नगर में किसी लड़के के साथ रह रही है। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर युवक अपने साथ रख रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# माननीय राज्य मंत्री के0पी0 मलिक उ0प्र0 वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का भ्रमण कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। सूचना विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मा0 राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, श्री के0पी0 मलिक जी द्वारा जनपद शामली में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कल दिनांक 12.08.2024 को 11:00 बजे आगमन जनपद-शामली में ग्राम मामोर स्थित झील पर वन विभाग शामली द्वारा आयोजित वैटलैण्ड संरक्षण वन की स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 मंत्री जी सम्मिलित होंगे। संपर्क:- श्री जगदेव सिंह प्रभागीय वनाधिकारी शामली। इसके बाद 2:00 प्रस्थान उपरोक्त स्थल से 2:15 बजे आगमन जनपद- शामली में एम.के. एनर्जी स्टेशन एच.पी. पैट्रोल पम्प ग्राम बरला जट, मेरठ- करनाल रोड।संपर्क:- श्री विश्वेन्द्र सिंह इसके उपरांत 3:00 बजे प्रस्थान उपरोक्त स्थल से वाया दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से बड़ौत के लिये प्रस्थान होंगे।

# अमर शहीद खुदीराम बोस जी की याद में हुई काव्य संध्या

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। साहित्यिक संस्था- कवि गोष्ठी आयोजन समिति के तत्वावधान में स्थानीय कृष्णा नगर में भारत मां के वीर सपूत युवा क्रांतिकारी अमर शहीद खुदीराम बोस जी की स्मृति में




काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्कूल प्रबंधक पंकज सक्सेना के संयोजन में किया गया जिसकी अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ %धीर% ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीलीभीत से पधारे गीतकार संजय पांडेय गौहर एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉक्टर दीपक सक्सेना रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन उमेश अद्भुत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे एवं अमर शहीद खुदीराम बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ विवेक शर्मा ने अपनी रचना इस प्रकार प्रस्तुत की उन्होने मोहब्बत देश से की, तब इश्क लिखा हमने स्वयं मौत चुनी थी उन्होंने तो जीवन जिया हमने किसी ने बन्दूक चुनी थी किसी ने चुना चरखा खुद ही फंदा चुना खुदीराम ने तो भारत आजाद कहा हमने काव्य संध्या में कवियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक ओजस्वी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में आमन्त्रित कवियों का संस्था की ओर पटका पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, दीपक मुखर्जी दीप, पी.के.दीवाना,अविनाश सक्सेना अजनबी,विवेक शर्मा,देवेंद्र गोस्वामी, बृजेंद्र तिवारी अकिंचन,योगेन्द्र गोस्वामी, ए.के.सिंह तन्हा, रामकुमार अफरोज, राम प्रकाश सिंह ओज, अभिषेक अग्निहोत्री,रामधनी निर्मल, राम शंकर प्रेमी,डी पी शर्मा निराला, रश्मि सक्सेना, आदर्श सक्सेना,प्रताप मौर्य, मनोज सक्सेना, सत्यवती सिंह,रीतेश साहनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# काशी का अनोखा मंदिर: अग्नि स्वरूप में विराजमान है धरती का सबसे प्राचीन शिवलिंग, अद्भुत है मान्यता और इतिहास

काशी मंदिरों, परंपराओं व संस्कृतियों से घिरा हुआ शहर है। यहां भगवान शिव के विभिन्न मंदिर हैं। इनमें कई मंदिरों की कहानियां अद्भुत हैं। इसी क्रम में आत्मवीरेश्वर महादेव का मंदिर है। इनकी कृपा से स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। काशी के गंगा घाट के किनारे तंग गलियों में आत्मवीरेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ की आत्मा यहीं बसती है, इसलिए इसका नाम आत्मवीरेश्वर महादेव है। काशी के पंचमुद्रा के रूप में विराजमान हैं। भगवान वीरेश्वर के समान प्रदान करने वाला दूसरा शिवलिंग नहीं है। इसे है।सिंधिया घाट पर विराजमान आत्मवीरेश्वर से आते हैं। भगवान आत्मवीरेश्वर महादेव का काशी विश्वनाथ मंदिर की तरह ही संपन्न होती है। भुवनेश्वरी देवी ने पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए के अनुष्ठान के बाद बाद स्वामी विवेकानंद जैसा विवेकानंद का मुंडन संस्कार भी यहीं पर कराया अमित्रजीत और उनकी पत्नी मलयगंधिनी को माता मूल नक्षत्र में उत्पन्न होने के कारण रानी ने जन्म देवी के सम्मुख छोड़ दिया। मां संकटा के आदेश पंचमुद्रा पीठ पर पहुंचा दिया। बालक ने पंचमुद्रा



पीठ पर सिंधिया घाट के पास भगवान शिव अग्नि सिद्धि और शीघ्र ही धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष का धरती का सबसे प्राचीन शिवलिंग भी माना जाता महादेव के मंदिर में आने वाले भक्त संतति की कामना शृंगार, शाम की सप्तऋषि आरती, शयन आरती स्वामी विवेकानंद के पिता विश्वनाथ दत्त और मां आत्मवीरेश्वर मंदिर में अनुष्ठान किया था। एक वर्ष ओजस्वी और तेजस्वी बालक उत्पन्न हुआ। स्वामी गया था। ये है इतिहास- काशीखंड के अनुसार राजा गौरी के आशीर्वाद से पुत्र उत्पन्न हुआ। बालक के लेते ही उसे त्याग दिया। दासियों ने बालक को संकटा से मातृकाओं ने बच्चे का पालन किया और उसे पीठ पर शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की तपस्या शुरू कर दी। बालक की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए। उन्होंने बालक से कहा मैं तुम्हारी तपस्या से प्रसन्न हूं, वर मांगो। बालक ने महादेव से वहीं विराजमान होने के साथ बिना अभीष्ट मुद्रा एवं मंत्रजप के भक्तों को केवल दर्शन व स्पर्श से अभीष्ट सिद्धि देने का वर मांगा। भगवान शिव ने कहा, हे वीर तुम्हारे ही नाम से यह लिंग वीरेश्वर नाम से जाना जाएगा और काशी में भक्तों को अभीष्ट सिद्धि देता रहेगा। इसके बाद भगवान शिव के आशीर्वाद से वीरेश्वर ने समस्त संसार पर राज्य किया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# देवेंद्रनगर में रक्षाबंधन के पहले बहना आभार एवं उपहार कार्यक्रम हुआ संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -घनश्याम प्रसाद शर्मा

मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहन योजना के फल स्वरुप रक्षाबंधन के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 250 और 1250 दोनो राशि देते हुए लाडली बहनों से राखी बंधवाई और अपने वचन को पूर्ण करते हुए लाडली बहनों




के खाते में 10 अगस्त को?1500 राशि डाली गई साथ ही साथ भाजपा द्वारा कई और कामों की स्वीकृति वन क्लिक के द्वारा की गई नगर परिषद देवेंद्रनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसमें मुख्य रूप से उपस्थित नगर अध्यक्ष शिवांगी ललित गुप्ता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अनिल सिंह बुंदेला ,उमेश शर्मा ,पूर्व नगर अध्यक्ष शंभू सोनी, रमाकांत शुक्ला, धीरेंद्र सिंह बागरी, अजया राजे एवं बहुत संख्या में लाडली बहने उपस्थित रही साथ ही साथ नगर के पत्रकार बंधुओ में सुधीर अग्रवाल ,आशीष जैन, घनश्याम शर्मा रमेश अग्रवाल, रामस्वरूप शुक्ला शैलेश अग्रवाल के साथ साथ नगर के गडमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भाजपा द्वारा किए गए महिलाओं के स्वावलंबन के कार्यों को कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने वाली योजनाओं के संबंध में विशेष तौर पर सभी के सामने रखा गया

# आग लगने की अफवाह से पंजाब मेल एक्सप्रेस में मची भगदड़, 20 यात्री घायल, सात गंभीर

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में रविवार सुबह बड़ी घटना हुई है। बरेली और कटरा स्टेशन के बीच पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई, जिससे यात्री ट्रेन से कूदने लगे। इससे 20 यात्री घायल हो गए हैं। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में रविवार सुबह बड़ी घटना हुई है।



बरेली और कटरा स्टेशन के बीच पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई, जिससे यात्री ट्रेन से कूदने लगे। इससे 20 यात्री घायल हो गए हैं। हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस की जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में ट्रेन से नीचे कूदने से करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।रविवार की सुबह करीब 8ः00 बजे बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच ट्रेन के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह पर चालक ने गाड़ी को रोक दिया। ट्रेन की आधी बोगी नदी के पुल पर और आधी बाहर थी। गाड़ी के रुकते ही यात्रियों ने नीचे कूदने लगे। अफरातफरी का माहौल हो गया। जांच में सबकुछ ठीक मिला - हादसे में कई लोगों के चोट आई है। कई बोगी खाली होने के बाद चालक और गार्ड ने चेक किया तो सब कुछ ठीक मिला। इसके बाद घायलों को महिला और गार्ड बोगी में सवार कर शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया। वहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाहजहांपुर स्टेशन पर रोकी गई ट्रेन - रविवार सुबह 10ः10 पर ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रोका गया। रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ के जवान पहुंच गए। पांच एंबुलेंस को बुला लिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल सात लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस बीच 30 मिनट तक ट्रेन रुकी रही। जांच में सबकुछ सही मिलने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। शरारती तत्वों ने की ये करतूत - मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि बिलपुर के पास सुबह कुछ शरारती तत्वों ने ट्रेन नंबर 13006 के जनरल जीएस कोच में रखा अग्निशमन यंत्र चलाया, जिसके चलते गाड़ी को रोक दिया गया। जिससे दहशत में आए यात्री कूदने लगे। दो यात्रियों को चोट आई है। घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। शरारतीतत्वों की पहचान करने के लिए जांच कराई जा रही है।

# भाजपा विधायक ने तीन साल 75 दिन बाद ग्रहण किया अन्न, कोरोना काल में ली थी ये शपथ

भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने तीन साल पहले शपथ ली थी कि जब तक कोरोना विश्व से नष्ट नहीं हो जाएगा, तब तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। इसके अलावा उन्होंने यह शपथ ली थी कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसके बाद ही अन्न ग्रहण करेंगे। बदायूं के सदर



विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने अपने जन्मदिन के मौके पर शनिवार को शहर के एक लॉन में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें विधि विधान से तीन साल 75 दिन बाद अन्न ( प्रसाद ) ग्रहण कियासदर विधायक /पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने 26 अप्रैल 2021 को कोरोना काल में अपने सुपौत्र विश्वप्रिय के जन्मदिन पर शपथ ली थी कि जब तक कोरोना विश्व से नष्ट नहीं हो जाएगा। तब तक वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। इसके अलावा उन्होंने शपथ ली थी कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। उसके बाद ही अन्न ग्रहण करूंगा। उनकी दोनों प्रतिज्ञाएं पूर्ण हुईं। विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने अपने शुभचिंतकों के परामर्श पर दोबारा अन्न ( प्रसाद ) ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विधायक महेश चंद्र गुप्ता हरि बोल महाराज के अनन्य भक्त हैं और वह ईश्वरवादी व्यक्ति हैं। केंद्रीय मंत्री रहे मौजूद - केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि महेश चंद्र गुप्ता ने जन्मदिन के मौके पर कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित करके श्रेष्ठ कार्य किया है, क्योंकि पार्टी का कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि महेश चंद्र गुप्ता सरल और सहज और विनम्रता के प्रतीक हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, एमएलसी वागीश पाठक, पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य , एमएलसी कुंवर महाराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा एवम हर घर तिरंगा अभियान की कार्ययोजना हेतु कार्यशाला सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) भारतीय जनता पार्टी कोंच नगर के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभि यान एवम तिरंगा यात्रा की कार्य योजना हेतु कार्यशाला का आयोजन प्रभंजन ज्वैलर्स पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन के मुख्य आतिथ्य व भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध्यक्षता एवम नगर प्रभारी बृजभूषण सिंह मुन्नु कार्यक्रम जिला सह संयोजक नीरज दुबे जिला मंत्री,शंभू दयाल स्वर्णकार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कार्य शाला का शुभारंभ किया मंचस्थ अतिथियों को नगर उपाध्यक्ष मनीष नगरिया, कोषाध्यक्ष प्रभंजन अग्रवाल,नगर मंत्री प्रदीप वर्मा




एवम धर्मेंद्र राठौर,नन्दिनी पटेल,बूथ अध्यक्ष शिव सिंह कुशवाहा रविन्द्र ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवम अभिनन्दन किया कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग ने तिरंगा यात्रा की रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विधायक मूल चंद निरंजन ने कहा कि भारत की आजादी के महत्वपूर्ण पर्व पर भा ज पा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन सम्पूर्ण राष्ट्र में किया जा रहा है, आयोजन 12 अगस्त 2024,सोमवार को प्रातः 09ः30 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी परिसर कोंच से किया जाएगा जो मुख्य मार्ग से होते हुए भारत माता मंदिर तहसील के पास कोंच तक जाएगी इसके साथ ही भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर के सभी घरों में तिरंगा ,राष्ट्रीय ध्वज आचार संहिता का पालन करते फहरा दे एवम आजादी के पर्व को उत्साह पूर्वक सम्पन्न करे अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने कहा कि भाजपा द्वारा 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा प्रातः 09ः30 बजे से,14 अगस्त को महा पुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवम स्वच्छता अभियान सरोजनी नायडू पार्क में प्रातः 08 बजे से,15 अगस्त को शिविर कार्यालय मार्कण्डेयश्वर तिराहा पर ध्वजारोहण प्रातः10 बजे से आयो जित है समस्त कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रमो में सहभागिता कर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को उत्साह पूर्वक सम्पन्न करें कार्यशाला का संचालन नगर महामंत्री डॉ आशुतोष मिश्रा ने किया इस अवसर पर राजेश्वरी यादव,प्रेम नारायण वर्मा,अवध यादव,संजय लोहिया, विकार अहमद सभासद अनिल वर्मा सभासद विनोद सोनी रविकांत कुशवाहा,नरेंद विश्वकर्मा अनिल पटेल गोरव बाबूराम पाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

# फूलन देवी ने समाज के उत्थान के लिये कार्य किया-अमित निषाद

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) नगर के मोहल्ला गाँधी नगर मे स्थित निषाद पार्टी के कार्यालय पर वीरांगना पूर्व सांसद फूलन देवी की जयन्ती मनाई गई सर्व प्रथम पूर्व साँसद वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर मुख्य अतिथि निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव शैलेंद्र निषाद कार्य क्रम संयोजक अमित कुमार निषाद नगर अध्यक्ष निषाद पार्टी कोंच केशव दास निषाद जिला उपाध्यक्ष आदि ने पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन कर याद किया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमित निषाद ने कहा की वीरांगना फूलन देवी ने समाज के उत्थान के लिये कार्य किया और दबे कुचले गरीब लोगो की आवाज को उठाया है और पीड़ित लोगो को न्याय दिलाया है इस अवसर पर रमेश चन्द्र गोकुल रायकबार मुखिया पिंटू मुखिया राम सहाय महाते नीरज कुमार कोषाध्यक्ष पप्पू उरई वाले मुरारी लाल रायक बार अजय कुमार हरीशंकर सुरेश चन्द्र भूप आई टी शेल आदि मौजूद रहे



# ग्रामीण पत्रकार यूनियन तहसील खैर की मीटिंग आयोजित हुई

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ जिलाध्यक्ष सुखबीर शर्मा ने कहा पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं होगा वर्दास्त। मीटिंग मे पहुंचे मुख्य अथिति जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि पत्रकारों की हर संभव समस्या के समाधान के लिए वह तैयार है। खैर नगर पालिका के मीटिंग हॉल में पत्रकारों की मासिक बैठक का आयोजन होता हुआ। खैर। ग्रामीण पत्रकार यूनियन खैर तहसील इकाई की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राकेश गौतम ने की वहीं बैठक में यूनियन के जिला अध्यक्ष सुखवीर शर्मा ने कहा कि वह पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को और गतिशील करने एवं अन्य बिंदुओं पर विचार



